Bareilly, Monday,
17 January 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

Page No : 5 Bottom

‘आनंदमठ’ में दिखा राष्ट्र के लिए प्रेम

एसआरएमएस रिद्धिमा में दिल्ली के फाइव एलिमेंट्स थिएटर ग्रुप ने दी प्रस्तुति

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (16 Jan): एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को दिल्ली के फाइव एलिमेंट्स थिएटर ग्रुप ने लेखक बंकिम चंद्र चटर्जी के प्रसिद्ध ऐतिहासिक नाटक ‘आनंदमठ’ का खूबसूरती से मंचन किया. यह नाटक बंगाल में पड़े अकाल और उसके बाद हुए संन्यासी विद्रोह पर आधारित है.

कलाकारों का भावुक अभिनय

नाटक की शुरुआत पदचिन्ह नाम के एक गांव के जमींदार महेंद्र उनकी पत्नी कल्याणी से शुरू होती है. जो गांव में पड़े अकाल के चलते अपने अबोध शिशु को लेकर शहर की ओर चल पड़ते हैं. भूखी पुत्री के लिए दूध की तलाश में भटकते महेंद्र अपने परिवार से बिछड़ जाते हैं. अंत में जीवानंद महेंद्र सिंह की पत्नी और पुत्री का मिलन करवाता है. महेंद्र सिंह और कल्याणी नया घर बना कर विद्रोहियों की सेना को सुदृढ़ करते हैं. नाटक का निर्देशन राखी मानव ने किया. इसमें राजा महेंद्र का किरदार नितिन बुरा ने, कल्याणी का मधु अग्रवाल ने, शांति का राखी मेहता ने, सत्यानन्द का मानव मेहरा, जीवानन्द का राघव शर्मा, धीरानंद का चेतन पांडे, भवानंद का रोबिन खन्ना, ज्ञानानंद का शिवम यादव, फिलिप का फरदीन खां, पहले और दूसरे अंग्रेज सिपाही का किरदार मोहम्मद कैफ अंसारी और राहुल सिंह मेहरा ने बहुत खूबसूरती से निभाया. सभागार में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, ऋचा मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर ई. सुभाष मेहरा आदि मौजूद रहे.

बेहतरीन मंचन कर लूटी वाहवाही.